# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 28 नवम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 296 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## 1 दिसंबर तक करें इंतजार सीजेआई का बड़ा है प्लान

● नए सीजेआई सूर्यकांत ने दिए एससी में बदलाव के संकेत!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के नए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि एक दिसंबर से कुछ नया होने वाला है। उन्होंने केस मेंशन करने आए एक वकील की दलील सुनने के बाद कहा कि एक दिसंबर तक रुकिए। उन्होंने कहा,1 दिसंबर तक इंतजार करें, हम कुछ प्लान कर रहे हैं, हम आपके मुद्दे जानते हैं, आपको जिक्र करने की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सुधारों का पहला सेट 1 दिसंबर से लागू होगा। जस्टिस कांत की यह टिप्पणी केस मेंशनिंग सिसटम में बड़े बदलाव का संकेत है। उन्होंने इसी संकेत को डिकोड करते हुए कहा, मैं 1 दिसंबर से कुछ कर रहा हूं। सुधार के पहले फेज में हम मेंशनिंग के लिए कुछ करेंगे। हम बार की चिंता समझते हैं और हम उस पर ध्यान देंगे। हम यह पक्का करेंगे कि आप यहां तक न आएं और मेंशनिंग के लिए अपना कीमती समय बर्बाद न करें। बता दें कि सीजेआई का पदभार ग्रहण करने के दिन ही उन्होंने केस मेंशनिंग के तौर-तरीकों पर घोर ऐतराज जताया था।



## शेख हसीना को अब 21 साल की कैद की सजा

● फांसी की सजा के बाद दूसरा फैसला, जड़ से खत्म कर देंगे यूनुस

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की एक कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में कुल 21 साल की सजा सुनाई। ये तीनों मामले पुरबाचोल स्थित राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट आवंटन में कथित गड़बड़ियों से जुड़े थे। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी के अनुसार, हसीना पर आरोप था कि उन्हें बिना किसी आवेदन के प्लॉट आवंटित किया गया और यह आवंटन कानूनी अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर किया गया। शेख हसीना इस समय भारत में हैं, इसलिए कोर्ट ने यह फैसला अनुपस्थिति में सुनाया।



## जहां कम, वहां हम और कार्यकर्ता मोड में रहें हमेशा

● अमित शाह बोले-पश्चिम बंगाल में ड्यूटी की तैयारी रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद उत्साहित भाजपा अब मिशन बंगाल पर जुटने वाली है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के दिल्ली स्थित आवास पर हुई डिनर मीटिंग में भाजपा नेताओं का होम मिनिस्टर अमित शाह ने मार्गदर्शन किया। एक तरफ उन्होंने बिहार में मिली जीत से अहंकार में ना आने की सीख दी तो वहीं यह भी कहा कि अब बंगाल के लिए जुटना होगा। उन्होंने कहा कि अब आगे हम लोगों को बंगाल की लड़ाई के लिए तैयार रहना है। उनकी स्पष्ट नसीहत थी कि सभी लोग जहां कम, वहां हम वाले भाव से काम करें और कार्यकर्ता मोड में रहें। गृह मंत्री ने कहा कि जहां भी संगठन कमजोर पड़े, वहां जाकर ताकत बनना है। अमित शाह ने कहा कि नेताओं की भूमिका सिर्फ चुनाव लड़ाने तक सीमित नहीं है बल्कि जहां कम, वहां हम के भाव से सक्रिय रहने की है। इसके अलावा बिहार के नेताओं के लिए भी अमित शाह ने साफ संकेत दिया कि कोई भी यह ना माने की उसके चलते जीत मिली है।



# 3 लाख किसानों के खातों में पहुंचे 238 करोड़ रुपए

● श्योपुर में सीएम का कांग्रेस पर हमला बोले-किसानों का हक हमने दिया, आपने कभी नहीं

**भोपाल।** श्योपुर जिले के बड़ौदा में गुरुवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसान हितैषी योजनाओं के साथ-साथ कांग्रेस पर तीखे तंज कसे। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 305410 प्रभावित किसानों के खातों में 238 करोड़ 78 लाख रुपए की मुआवजा राशि अंतरित की। श्योपुर, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम, धार और खंडवा जिलों के 2148 ग्रामों के किसानों को इस राहत पैकेज का सीधा लाभ मिला है। श्योपुर के किसानों को मुआवजे का सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। फसल क्षति की मार झेल रहे श्योपुर जिले के 10,078 धान प्रभावित किसानों के खातों में 100 करोड़ 83 लाख रुपए पहुंचे। हरदा के 95989 किसानों को सोयाबीन क्षति पर 71.52 करोड़, विदिशा के 51830 किसानों को सोयाबीन और उड़द में नुकसान पर 29.15 करोड़, नर्मदापुरम के 22779 किसानों को 19.84 करोड़, धार के 19173 किसानों को 1031 करोड़, और खंडवा के 12961 किसानों को पीला मौजेक कीट से प्रभावित फसलों के लिए 7.13 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जब भी किसानों पर संकट आया है, भाजपा सरकार ढाल बनकर खड़ी हुई है। कांग्रेस की सरकारें 70 साल रहीं, पर किसान के पसीने की कीमत कभी नहीं समझीं। सीएम ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कान खोलकर सुन लें कांग्रेसी, उन्होंने चवन्नी कभी दी नहीं। हम 16 हजार प्रति हेक्टेयर का लाभ दे रहे हैं। कांग्रेस तीन हजार हेक्टेयर भी नहीं देती थी।



**पप्पू और पप्पू की मम्मी की सरकार खत्म-** कांग्रेस कह रही थी भावांतर का पैसा नहीं देंगे। आकर देख लो कांग्रेसी, जो कहा है वो पूरा कर दिखाया है। पप्पू और पप्पू की मम्मी की सरकार खत्म हो गई। भगवान राम का प्रमाण मांगने वाले कांग्रेसी आज राम मंदिर जगमगाता देख रहे हैं। कांग्रेसी गोपाल कृष्ण भगवान की जय नहीं बोल सकते, बोलते ही बुखार आ जाता है।

### बड़ौदा और श्योपुर के लिए नई घोषणाएं, बोले बार-बार आऊंगा

सीएम ने मंच से कई घोषणाएं की। बड़ौदा में बाढ़ समस्या से निपटने बड़े नाले का निर्माण, पुलिस थाने के पास नई पुलिया का निर्माण, बड़ौदा में गीता भवन का निर्माण, चंद्रसागर पर्यटन स्थल एवं शिव मंदिर का जीर्णोद्धार, श्योपुर को पर्यटन का केंद्र बनाने की घोषणा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्योपुर में बार–बार आऊंगा, यहां का विकास हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने चीता प्रोजेक्ट को लेकर कहा कि इसकी सफलता ने श्योपुर को विश्व पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपसे भी हाथ जोड़कर निवेदन है, कि हम तो दिल चीरकर आपके स्वागत के लिए तैयार हो जाते हैं। पता नहीं क्या हो जाता है आपने दोनों बार क्या मालूम क्या गड़बड़ है। श्योपुर कि दोनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं। इसके संबंध मे यह बात कही है। साथ ही कहा कि इनको लाकर आप भी भुगत रहे होंगे। बड़े मिया तो बड़े मिया छोटे मियां सुभानअल्लाह, कोई काम के ही नहीं है। रोज नौटंकी चप्पल उतार दी तो फिर पहन क्यों लिए। तुम्हारे चप्पल उतारने से पैसे मिल जाएंगे।

## इंदौर - भोपाल नेशनल हाईवे बड़ा पर हादसा : हाईवे पर खड़े ट्रक से भिड़ी तेज रफ्तार कार, महिला समेत 2 की मौत, 3 गंभीर घायल

**कोहरे के कारण कम विजिबिलिटी बनी हादसे की वजह, सभी एक ही परिवार से थे**

**सीहोर।** जिले में इंदौरङ्कभोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह कम विजिबिलिटी ने बड़ा हादसा करा दिया। सुबह लगभग छह बजे दरबार ढाबे के पास घने कोहरे के बीच एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। इस टक्कर में महिला समेत दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। हादसे की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हाईवे पर सुबह के समय कोहरा बेहद घना था, जिसकी वजह से कार चालक आगे खड़े ट्रक को नहीं देख पाया। अनुमान है कि कार की रफ्तार भी तेज थी, जिसके कारण चालक समय पर वाहन नियंत्रित नहीं कर सका और तेज टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार लोग भीतर दब गए, जिन्हें बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। इस घटना में संध्या नेमा (56) पत्नी सुनील नेमा, निवासी इंदौर और मृदंग नेमा (28) पिता संजीव नेमा, निवासी भोपाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि सुनील नेमा (60) निवासी इंदौर, संजीव नेमा (45) निवासी एमपी नगर भोपाल और मीनल नेमा (40) निवासी एमपी नगर भोपाल गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार नेमा परिवार महू से भोपाल की ओर जा रहा था कि तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए हैं और घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

हाईवे पर कुछ समय तक यातायात धीमा रहा, लेकिन बाद में व्यवस्था सामान्य कर दी गई। इस दुर्घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कोहरे में तेज रफ्तार जीवन के लिए कितना बड़ा खतरा बन सकती है। पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि ऐसे मौसम में वाहन बेहद धीमी गति से चलाएं और हेडलाइट-फॉग लाइट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।




## हॉन्गकॉन्ग में 77 साल में सबसे भीषण आग

● अब तक 55 लोगों की मौत, 8 बहुमंजिला इमारतें खाक

**हॉन्गकॉन्ग (एजेंसी)।** हॉन्गकॉन्ग में ताई पो नाम के जिलो में बुधवार को एक बड़े रिहायशी कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। यह 77 साल में लगी सबसे भीषण आग बताई जा रही है। इस हादसे में अब तक 55 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 76 गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं, 279 लापता हैं। ये कॉम्प्लेक्स कुल आठ इमारतों का था, जिनमें हर इमारत 35 मंजिलों की थी। इसमें करीब दो हजार अपार्टमेंट थे। वांग फुक कोर्ट के ये टावर बांस की मचान से ढंके हुए थे। चार इमारतों में लगी आग पर लगभग 10 घंटे बाद सुबह तक काबू पा लिया गया। तीन इमारतों में आग पर 20 घंटे बाद भी काबू नहीं पाया जा सका है। मामले में पुलिस ने ठेकेदार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इन पर आग के मामले में लापरवाही या गैर-इरादतन हत्या का शक जताया गया है।



# मनोज परमार का बड़ा खुलासा-देपालपुर की करोड़ों की सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं का खेल उजागर!

आदित्य शर्मा

इंदौर। देपालपुर तहसील के ग्राम रुणावदा में करोड़ों रुपये की सरकारी चरनोई भूमि को निजी नामों में दर्ज कराने का बड़ा घोटाला सामने आया है। इस पूरे प्रकरण को सामने लाए हैं अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार। उन्होंने न सिर्फ जिलाधीश को विस्तृत ज्ञापन सौंपा, बल्कि कलेक्टर कार्यालय पर सैकड़ों लोगों के साथ जोरदार धरना–प्रदर्शन कर प्रशासन को कार्रवाई के लिए मजबूर किया।

मनोज परमार ने बताया-सरकारी चरनोई जमीन 1959–60 में निजी कैसे बन गई? मनोज परमार के अनुसार रुणावदा गांव की सर्वे नंबर 130/1/2, रकबा 1.295 हेक्टेयर भूमि वर्ष 1925–26 में सरकारी चरनोई दर्ज थी। लेकिन किदवई मार्ग, देपालपुर के करामत खान, मुख्त्यार खान, नौशाद खान, मोहम्मद खान आदि लोगों ने 1959–60 में रिकॉर्ड बदलकर इसे निजी जमीन दिखा दिया। बाद में यह जमीन करोड़ों रुपये में ओम विष्णु खाती को बेची गई।

मनोज परमार बोले-"एक ही प्रकरण से दो-दो



आदेश... राजस्व विभाग में बड़ा खेल" 14 दिसंबर 2024 व 20 जनवरी 2025 तत्कालीन तहसीलदार शेखर चौधरी ने नामांतरण दो बार निरस्त किया।

18 जून 2025- तहसीलदार लोकेश आहूजा ने अचानक उसी जमीन का नामांतरण मंजूर कर दिया, उसी प्रकरण क्रमांक 0779/अ-5 के तहत!

3 नवंबर 2025- वर्तमान तहसीलदार धर्मेन्द्र चौकसे ने जमीन को फिर नए नामों पर दर्ज कर दिया।

मनोज परमार का कहना है कि-"एक ही प्रकरण नंबर से दो-दो आदेश निकलना अपने आप में सबसे बड़ा सबूत है कि पूरा मामला सेटिंग से हुआ है। कलेक्टर कार्यालय पर मनोज परमार का उग्र प्रदर्शन- 'FIR करो वरना आंदोलन तेज होगा' इस घोटाले के विरोध में मनोज परमार ने कलेक्टर कार्यालय पर बड़ा धरना–प्रदर्शन किया। उनके नेतृत्व में सैकड़ों लोग कलेक्टर परिसर पहुंचे और राजस्व विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरने के दौरान मनोज परमार ने कहा- "यह सीधा-सीधा लैंड जिहाद है। सरकारी जमीन को भू-माफियाओं, पटवारी और तहसीलदारों ने मिलकर लूटा है। FIR नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र होगा।" धरना स्थल पर उन्होंने पूरे दस्तावेज, दो निरस्ती आदेश, दो नामांतरण आदेश और पटवारी की विरोधाभासी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी।

मनोज परमार की 4 मुख्य मांगें

1. भूमाफियाओं पर गंभीर धाराओं में FIR
2. गलत नामांतरण करने वाले तहसीलदारों पर कठोर शासकीय कार्रवाई
3. झूठी रिपोर्ट देने वाले पटवारी को केस में आरोपी बनाया जाए
4. करोड़ों की सरकारी जमीन को तुरंत सरकारी खाते में वापस दर्ज किया जाए

जांच शुरू होने की संभावना, बड़ा खुलासा संभव रिकॉर्ड में हेरफेर, दो-दो आदेश, विरोधाभासी पटवारी रिपोर्ट और मनोज परमार के धरना–प्रदर्शन के बाद जिला प्रशासन इस मामले की जांच पर विचार कर रहा है। अधिकारी मान रहे हैं कि मामले में "बड़ा घोटाला" सामने आ सकता है।

# कृत्रिम तार्किक बुद्धिमत्ता बिना मानवीय, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के निरर्थक रहेगी - डॉ. भरत शर्मा




## अँग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

26 नवम्बर 2008 को मुम्बई में हुए आंतकी हमले में इंदौर के युवा श्री गौरव जैन ने अपने प्राण गँवाए थे। अपने समय में सेंट पॉल स्कूल के मेधावी छात्र एवं ओजस्वी वक्ता रहे स्व. गौरव की स्मृति में बी. सी. जैन परिवार, सेंट पॉल स्कूल एवं लायंस सेवा रंजन प्रति वर्ष स्थानीय सेंट पॉल हा. से. स्कूल में एक अँग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं। प्रतियोगिता का विषय रहाः ''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोपोज डेंजर टू ह्यूमेनीटी''। सुबह 11 से दोपहर 2.30 बजे तक हुई इस स्पर्धा में अनेकानेक विद्यालय के कक्षा 8वीं एवं 9वीं के तकरीबन 24 बिद्यार्थीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना, तिरंगा वंदना एवं राष्ट्रगान से हुई। वाद-विवाद प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी श्रीमती सपना जैन द्वारा दी गयी। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. भरत शर्मा, सदस्य - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं पूज्य अतिथि फादर जॉलीचन पी. जे. थे। अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. भरत शर्मा, सदस्य - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार कहा की मानवीयता, संवेदनशीलता, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक के सिद्धांत को समाहित करके AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) की सार्थकता भारत के "विश्वगुरु" की ओर बढ़ते प्रयासों का वैश्विक प्रमाण स्थापित करने में सहायक होगा। आधुनिक तकनीक केवल "स्मार्ट मशीनें" नहीं, बल्कि "नैतिक सहयोगी" बने । "बुद्धियोगं उपाश्रित्य मच्चित्तः सततं भव" अर्थात् बुद्धि का प्रयोग कल्याण के लिए होना चाहिए, न कि केवल लाभ के लिए। भारतीय संस्कृति का दृष्टिकोण इस नई तकनीक को सार्थक सहयोगी के रूप में स्थापित कर सकता है। कार्यक्रम के सूत्रधार लायंस डॉ अ. जै. 'रंजन सर' रहे। अंत में आभार प्रदर्शन आर्जव जैन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में पक्ष में और विपक्ष में को विजेता घोषित कर प्रमाण पत्र वितरित किए। स्पर्धा में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षकगण और संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

विजेता ... प्रथम स्थान(पक्ष): शुभ्रा पाण्डे; दिल्ली पब्लिक एलिमेंट्री स्कूल

द्वितीय स्थान(पक्ष): राघवेन्द्र वत्स; चमेली देवी पब्लिक स्कूल

सांत्वना पुरस्कार(पक्ष): हर्षिता यादव; सिका सि. से. स्कूल 2

प्रथम स्थान(विपक्ष): काव्या जैन; दिल्ली पब्लिक एलिमेंट्री स्कूलद्वितीय स्थान(विपक्ष): अन्वेषा चतुर्वेदी; सेंट रेफियल्स हा. से. स्कूल

सांत्वना पुरस्कार(विपक्ष): समृद्धि सिंह राजपूत; चमेली देवी पब्लिक स्कूल गौरव जैन मेमोरियल रनिंग ट्राफी विजेता विद्यालयः दिल्ली पब्लिक एलिमेंट्री स्कूल

# पुलिस कमिश्नर इंदौर ने सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी में लगाई, साइबर व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की पाठशाला

आदित्य शर्मा

स्टूडेंट्स को किया, स्वयं के साथ अपने परिजनों को भी साइबर सुरक्षा हेतु सतर्क रहने व यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए प्रेरित।

बेहतर यातायात हेतु इंदौर पुलिस के ट्रैफिक प्रहरी अभियान से तत्समय ही जुड़ गए 250 स्टूडेंट्स

पुलिस कमिश्नर ने जुड़ने वाले ट्रैफिक प्रहरी स्टूडेंट्स की सराहना कर, किया उन्हें प्रोत्साहित।

इंदौर- वर्तमान समय के साइबर अपराधों तथा सुरक्षित यातायात के प्रति आम नागरिकों में जनजागृति लाने के उद्देश्य से, इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा निरंतर रूप से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 27.11.25 को सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी में साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा युवाओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि साइबर और सड़क सुरक्षा आज के समय में हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है, और इनसे बचने का एकमात्र समाधान सतर्कता और जागरूकता ही है। साइबर फ्रॉड से किस तरह बचा जा सके और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करके किस तरह से दुर्घटना को टाला जा सके इन विषय पर आप सभी को जागरूक करना ही हमारा उद्देश्य है। आप सभी नियमों के प्रति जागरूक बने, स्वयं नियमों को समझे, उनका पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

इस दौरान उन्होंने युवाओं को पुलिसिंग के दौरान आने वाली चुनौतियों और उनमें नागरिकों द्वारा की जाने वाली भागीदारी व उसके महत्व पर भी चर्चा की। साथ ही यातायात प्रबंधन में जनसहभागिता के ट्रैफिक प्रहरी अभियान के बारें में भी जानकारी देकर, इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। डीसीपी श्री आनंद कलादगी द्वारा सड़क सुरक्षा नियमो, दुर्घटना के कारणों व समाधान, ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियानों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि आप ट्रैफिक प्रहरी अभियान से जुड़कर



सुगम, सुरक्षित यातायात में अपनी सहभागिता प्रदान कर सकते हैं। एडिशनल डीसीपी क्राइम द्वारा सायबर फ्रॉड से जुड़ी केस स्टडी, सायबर फ्रॉड से बचाव, निजी जानकारी किसी से साझा नही करने और डिजिटल प्लेटफार्म का सावधानीपूर्वक उपयोग करने के बारे में युवाओं को बताया गया पुलिस कमिश्नर इंदौर की जनभागीदारी की प्रेरणा से प्रेरित होकर सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी के 250 स्टूडेंट्स द्वारा मौके पर ही ट्रैफिक प्रहरी अभियान के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। पुलिस कमिशनर द्वारा उन्हें कैप व गिफ्ट प्रदान कर अभियान से जुड़ने के लिए उनकी सराहना कर प्रोत्साहित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन-4) श्री आनंद कलादगी, अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम श्री राजेश दंडोतिया, अति. पुलिस उपायुक्त यातायात श्री संतोष कुमार कौल सहित अन्य अधिकारीगण व सिंबोसिस यूनिवर्सिटी ऑफ़ अप्लाइड साइंस के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ विनीथ के नायर, रजिस्टर डॉ मनीष झा एवं फैकल्टी मेंबर्स तथा 800 स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

# शादी समारोह एवं सामाजिक आयोजनों को ध्यान में रखते हुए, पुलिस द्वारा किया गया मैरेज गार्डन संचालकों, डीजे संचालकों व होटल प्रबंधकों के साथ बैठक का आयोजन

### डीसीपी जोन-02 द्वारा सभी को नियमानुसार आयोजन करने के संबंध में दिए, आवश्यक दिशा निर्देश

आदित्य शर्मा



इंदौर- शहर मे विवाह समारोह आदि को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, शांति व्यवस्था, ट्रैफिक सुचारू संचालन एवं ध्वनि नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा इंदौर पुलिस को सभी से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक द्वारा नगरीय जोन-02 क्षेत्र के सभी मैरिज गार्डन संचालकों, डीजे संचालकों, होटल आदि के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन आज दिनांक 27.11.25 को पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में किया गया।

उक्त बैठक में अति. पुलिस उपायुक्त ज़ोन-02 श्री अमरेंद्र सिंह , एसीपी विजय नगर श्री राजकुमार सराफ, एसीपी परदेशीपुरा श्रीमती हिमानी मिश्रा, एसीपी खजराना श्री कुंदन मंडलोई व अनुभाग के सभी थाना प्रभारीगण और मैरिज गार्डन , डीजे, होटल आदि के करीब 250 प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। डीसीपी द्वारा सभी को विवाह समारोह आदि के आयोजन के दौरान सुरक्षा, शांति व्यवस्था, ट्रैफिक के सुचारू संचालन एवं ध्वनि नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए संचालन हेतु निम्न निर्देश दिए-

सुरक्षा एवं निगरानी संबंधी निर्देशः सभी मैरेज गार्डन में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करें, जिससे पूरा परिसर कवर हो सके। कैमरों का 24×7 रिकॉर्डिंग मोड में संचालन अनिवार्य है तथा फुटेज 30 दिन तक सुरक्षित रखें। आयोजन स्थल पर आने वाले मेहमानों के कीमती सामान हेतु सुरक्षित काउंटर/सेफ-जोन की व्यवस्था रखें। सभी गार्डन/कैटरिंग/इवेंट कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराएं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष या नजदीकी थाने को दें।

ध्वनि नियंत्रणः डीजे एवं साउंड सिस्टम को निर्धारित ध्वनि सीमा में ही संचालित किया जाए। रात्रि 10 बजे के बाद तेज ध्वनि वाले डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। गार्डन परिसर के अंदर डीजे की ध्वनि नियंत्रित रखने की जिम्मेदारी गार्डन संचालक की होगी।

#### ट्रैफिक एवं बारात प्रबंधनः

बारात निकालते समय मुख्य सड़क पर यातायात बाधित न करें। बारात निकालते समय मुख्य सड़क पर यातायात बाधित न हो इसके लिए अपने वालियटियर्स भी व्यवस्था करें। विवाह स्थल पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था, अलग प्रवेश–निकास मार्ग और पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था अनिवार्य है साथ ही सुरक्षा गॉर्ड की भी व्यवस्था हो। सड़क पर अनावश्यक वाहनों का जमावड़ा, पार्किंग अव्यवस्था या जाम की स्थिति कानूनी कार्रवाई के दायरे में आएगी।

आयोजन स्थल की सुरक्षा व्यवस्थाः गार्डन में फायर सेफ्टी उपकरण जैसे फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी एग्जिट और फर्स्ट-एड किट उपलब्ध हों और ये कहा पर है इसके लिए डिस्प्ले बोर्ड भी हो। फायर सेफ्टी उपकरण जैसे फायर एक्सटिंग्विशर चालू अवस्था में हो और इसको उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित स्टाफ उपस्थित हो। आयोजक कार्यक्रम का समय, भीड़ का अनुमान और विशेष व्यवस्थाएं समय रहते स्थानीय थाने को अवगत कराएं। विवाह स्थल पर कुशल सुरक्षा गार्ड/व्यवस्था कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करें।

#### अन्य महत्वपूर्ण निर्देशः

आतिशबाजी का उपयोग नियंत्रित व सुरक्षित दूरी से किया जाए। कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर तत्काल रोक लगाई जाएगी। प्रशासन के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# स्वामी यशवर्धन महाराज का जन्मदिवस इंदौर में भव्य आध्यात्मिक उत्सव

आदित्य शर्मा



इंदौर। षट्दर्शन साधु मंडल बद्रिकाश्रम के बाल योगी मोनी ब्रह्मचारी महंत स्वामी यशवर्धन महाराज का जन्मदिवस एक तू ही गुरुद्वार जयगुरूदेव द्वारा अद्भुत श्रद्धा और उत्साह के साथ इंदौर कोर्ट परिसर के पास मनाया गया। कार्यक्रम में संत, समाजसेवी, कलाकार और साहित्यकारों की प्रभावशाली उपस्थिति ने माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

मुख्य रूप से उपस्थित रहे- सद्गुरु स्वामी अरुणानंद जी महाराज साहेब, पूर्व राज्य मंत्री दिलीप राजपाल, ज्योतिषाचार्य महामंडलेश्वर रमेश अग्रवाल, विश्व प्राकृतिक आध्यात्मिक ध्यान मंदिर की सचिव मां साध्वी अनंता देवी, डॉ. अब्दुल गफ्फार खान, अंतर्राष्ट्रीय कवि सत्येन्द्र कुमार सत्यन, पूर्व जज विवेक मरकाम, साज एकेडमी के सबीर खान, किशन भालसे, सिंगर-डायरेक्टर कविता यादव, डांस डायरेक्टर व ग्रुप लीडर तनिष्क चौहान, भगत कबीर चौहान,खुशबू श्रीवास्तव, शफीक बाबा वारसी, सिंगर वर्षा यादव, सिंगर विजय, सब इंस्पेक्टर दुर्गा सूर्यवंशी, करंट एक्सपोज न्यूज़ से अनवर खान और साधना सिंह। कार्यक्रम में एक तू ही जयगुरूदेव द्वारा सभी संतों, अतिथियों और भक्तों को आशीर्वाद स्वरूप कलम भेंट की गई।

स्वामी यशवर्धन महाराज की साधनाओं को विश्व कल्याण का महत्वपूर्ण मार्ग बताते हुए अनेक विशिष्ट अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कलाकारों ने अपने भजन, गीत और कलाम से ऐसा भक्ति-मय वातावरण बनाया कि उपस्थित सभी भक्त भाव-विभोर हो उठे। अंत में साध्वी अनंता देवी ने सभी संतों, अतिथियों, भक्तों और कलाकारों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही



आदित्य शर्मा

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार आज दिनांक 27/11/2025 को नियंत्रण कक्ष प्रभारी श्री देवेश चतुर्वेदी जी उप प्रभारी श्री मनोज अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री अशोक खत्री श्री कमलेश सोलंकी श्री गोपाल यादव श्री पवन टिकेकर के नेतृत्व में जिला इंदौर के आबकारी स्टाफ ने वृत्त महू ब में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । आज महू के भौंडिया तालाब,बंजारी,भाटखेड़ी व अन्य स्थानों पर पर दबिश दी गयी। आज की कार्यवाही में कुल 10 छापों में 08 प्रकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क व 34(f) के तहत पंजीबध्द किये गये। आज की कार्यवाही में 220 लिटर हाथ भट्टी मदिरा व 1850 kg महुआ लहान सैंपल लेकर मोके पर नष्ट किया गया |मदिरा,महुआ लहान व सामग्री का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 230000/- रुपए है आज की कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक बी डी अहिरवार, सुनील मालवीय, मीरा सिंह, आशीष जैन, मीना माल, त्रिअंबिका शर्मा, कृतिका द्विवेदी के द्वारा की गई उक्त की गई कार्यवाही में आबकारी आरक्षक ओमप्रकाश साहू, कमलेश निहोरे, मोहित रायकवार, एलेन बघेल, विक्रम यादव, विजय सोलंकी, वीरेन्द्र पटेल, विनीता नागराज, विवेक कनाडे, संजय सिंगार, नितिन सोनी, ललित गीते, रीना भिड़े, राहुल जामोद आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## इंदौर आगमन पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग का ससम्मान स्वागत



देपालपुर। इंदौर आगमन पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री तरुण चुग जी (भाईसाहब) का जिला कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उन्हें भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और "भारत माता की जय" तथा "भाजपा जिंदाबाद" के नारों से वातावरण गूंज उठा। चुग जी के आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने कहा कि चुग जी का आगमन संगठन के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व से जुड़ाव कार्यकर्ताओं को नई दिशा और शक्ति प्रदान करता है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर चुग जी का स्वागत किया और संगठन की मजबूती के संकल्प को दोहराया।

## सहजयोग ध्यान मस्तिष्क को संतुलित तथा बलवान बनाता है।



सहज योग में हनुमान चालीसा पाठ से हम अपने भविष्य की नाड़ी यानि पिंगला नाड़ी को संतुलित करते हैं। हनुमान चालीसा की चौपाइयों में से एक चौपाई है "राम रसायन तुम्हारे पासा सदा रहो रघुपति के दासा"। इस चौपाई में गोस्वामी तुलसीदास जी ने जिस बात पर प्रमुख रूप से इशारा किया है वह है राम रसायन। विचार करने वाली बात यह है कि यह राम रसायन क्या है। राम (Ram) का तात्पर्य हम संपूर्ण आत्माओं की आत्मा यानि कि परमात्मा है। वहीं रसायन का मतलब साधारण भाषा में द्रव्य (chemical) पदार्थ होता है। इन दोनों शब्दों पर गहराई से विचार करने पर यह बात सामने आती है कि हनुमान चालीसा में वर्णित इस चौपाई का हमारे मस्तिष्क से सीधा संबंध है। आत्मा का मूल स्थान मस्तिष्क की कोशिकाओं के अंदर बने ढांचों में होता है जिसे माइक्रोटयूबुल्स कहते हैं। वैज्ञानिक भी इस बात को सिद्ध कर चुके हैं कि हमारे मस्तिष्क में कई प्रकार के रसायन बनते रहते हैं जब हम अच्छे विचारों से ओतप्रोत होते हैं तो उस समय हमारे मस्तिष्क से ऐसे द्रव्य प्रवाहित होते हैं जिनके असर से जीवन उच्चतम स्तर पर पहुंच जाता है, इसी के साथ-साथ हमारी बीमारियां तो दूर होती ही है साथ ही बाहर की परिस्थितियां भी अनुकूल हो जाती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो हमारे शरीर में कुछ ऐसे रसायन होते हैं जो मस्तिष्क के खास हिस्सों में विशिष्ट ग्रंथियों से निर्मित होते हैं

## शिक्षा से ही खत्म होगी बाल विवाह जैसी कुप्रथा :- धरती संस्था भिंड

### सतत प्रयासों से साल भर में बनाएंगे सम्पूर्ण जिले को बाल विवाह मुक्त

दिव्यानंद अर्गल

भिंड। पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित धरती संस्था ने कहा कि वह धरती संस्था को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करेगा। कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगर निरीक्षक सिटी कोतवाली बृजेंद्र सिंह सेंगर उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 के प्रिंसिपल p s चौहान जिन्होंने सभी बच्चों को शपथ दिलाई बाल विवाह मुक्ति भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन तिवारी महिला एवं बाल विकास भिंड कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अनुज कांत उदयनीय बाल कल्याण समिति अध्यक्ष भिंड विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत शर्मा कौशलेंद्र सिंह मुदिता शर्मा डॉ धीरज गुर्जर महिला थाना प्रभारी भिंड रेखा मिश्रा सत्यवान सिंह भदोरिया लेक्चर उत्कृष्ट






विद्यालय क्रमांक 1 सभी अतिथिगण उपस्थित थे सभी अतिथियों ने कार्यक्रम में बारी-बारी से अपना उद्बोधन दिया कार्यक्रम की रूपरेखा उद्देश्यों पर प्रकाश डाला भीकम सिंह तोमर संभागीय समन्वयक धरती संस्था कार्यक्रम का आभार व्यक्त क र समापन किया जिला समन्वयक्र रामवीर सिंह ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विनोद सिंह सामाजिक कार्यकर्ता शैलेंद्र कुमार अंकित आदि का सराहनीय सहयोग रहा. धरती संस्था देश में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। इसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन देश के 451 जिलों में बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में ही इस नेटवर्क ने देश में एक लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं।

'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के 27 नवंबर को एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर धरती संस्था, भिड ने स्कूलों, ग्रामीण समुदायों और अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम और पूरे जिले में जगह-जगह बाल विवाह के खिलाफ शपथ समारोह आयोजित किए। संगठन ने जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया और उन्हें समझाया कि कानून के अनुसार बाल विवाह में किसी भी तरह से शामिल होने या सहायता करने वालों जिसमें शादी में आए मेहमान, कैटरर्स, टेंट वाले, बैंड वाले, सजावट वाले या बाल विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहित, सभी को इस अपराध को बढ़ावा देने के जुर्म में सजा हो सकती है। पिछले कुछ वर्षों से कानून लागू करने वाली एजेंसियों व जिला प्रशासन के साथ करीबी समन्वय से काम करते हुए धरती संस्था भिड ने पिछले एक वर्ष में ही 315 बाल विवाह रुकवाए हैं।

# धार में उच्च शिक्षा ढाँचे के विस्तार की नींव, पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने किए 18.26 करोड़ के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**दिलीप पाटीदार**

धार। जिले में उच्च शिक्षा से जुड़ी अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री राकेश सिंह ने भवन विकास निगम (लो.नि.वि.) द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 18.26 करोड़ की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। यह कार्यक्रम पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जहाँ केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर और विधायक नीना वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। समारोह को संबोधित करते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि धार संस्कृति और सभ्यता का अनूठा संगम है। उन्होंने कहा कि राजा भोज ने जिस भारतीय संस्कृति और मूल्यों के अनुरूप विकास की नींव रखी थी, उसकी झलक आज भी प्रदेश के विकास में दिखाई देती है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने इस विरासत को सम्मान देते हुए उत्कृष्ट पुरस्कार का नाम राजा भोज के नाम पर रखा है।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच विजनरी है और देश ने उनके विकासवादी दृष्टिकोण को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह आमजन द्वारा जनप्रतिनिधियों के कार्य के मूल्यांकन का समय है और सरकार इस कसौटी पर खरी उतरने का प्रयास कर रही




है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्रों को बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकता है। विभाग का ध्येय वाक्य 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' इसी सोच को दर्शाता है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों से हुए पर्यावरणीय नुकसान की भरपाई के लिए व्यवस्था बनाई गई है। सड़क किनारे के पेड़ों की शिफ्टिंग, रिचार्ज बोर निर्माण और एक ही स्थान की मिट्टी से कार्य कराने जैसी व्यवस्थाएँ लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि मिट्टी की खोदाई स्थल पर सरोवर निर्माण बनाने को भी एसओआर में जोड़ा गया है और प्रदेश में अब तक पाँच सौ से अधिक सरोवर बनाए जा चुके हैं। मंत्री राकेश सिंह ने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपनी जिज्ञासा को जीवित रखें, क्योंकि सार्थक चर्चा और प्रश्न ही नए अनुसंधान और परिणाममूलक विकास की राह खोलते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस दिशा में आगे बढ़कर प्रदेश अपनी विकास यात्रा को और गति देगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि धार को पहले ही पीएम मित्र पार्क जैसी बड़ी सौगात मिल चुकी है, जिससे जिले में औद्योगिक विकास की नई संभावनाएँ खुली हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को विस्तार से गिनाया।

विधायक नीना वर्मा ने इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी मंत्री से घाटबिल्लोद ब्रिज के नवनिर्माण की माँग भी रखी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेढ़ा, पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, महंत नीलेश भारती, चंचल पाटीदार, जयदीप पटेल सहित जनप्रतिनिधि, कॉलेज स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।कार्यक्रम के पश्चात पीडब्ल्यूडी मंत्री आकस्मिक रूप से ब्रह्मकुंडी पहुँचे, जहाँ उन्होंने निर्माणाधीन सीएम रईस शाला भवन का निरीक्षण किया। यह भवन 32 करोड़ की लागत से मार्च 2026 तक तैयार होना है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करें।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर 28-29 नवम्बर को इंदौर प्रवास पर रहेंगी

**रणजीत टाइम्स**

इन्दौर। राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर 28-29 नवम्बर को इंदौर प्रवास पर रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली द्वारा "राष्ट्रीय महिला आयोग ...आपके द्वार" महिला जनसुनवाई के आयोजन के साथ ही इंदौर संभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 28 नवम्बर को सुबह 11 बजे स्थानीय रेसीडेंसी कोठी में बैठक आयोजित होगी। इसके बाद दोपहर 12:30 से 2:00 बजे तक महिला जनसुनवाई का आयोजन रेसीडेंसी कोठी में होगा। इंदौर संभाग के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं जिलों के पुलिस अधीक्षक की समीक्षा बैठक दोपहर 2 बजे से रेसीडेंसी कोठी पर की जायेगी। महिला जनसुनवाई अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर द्वारा की जायेगी। उक्त जनसुनवाई में इंदौर जिले के पुलिस विभाग की वर्ष 2023-2025 तक की 40 लंबित शिकायतों के साथ-साथ अन्य प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई की जायेगी। साथ ही यदि कोई महिला अपनी शिकायत दर्ज कराना चाहती है तो उक्त समय पर उपस्थित हो सकती है अध्यक्ष द्वारा वन स्टॉप सेंटर (सखी केन्द्र) का निरीक्षण भी प्रातः 9 बजे से किया जायेगा। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष यशोदा एप के कार्यक्रम में भी भाग लेंगी, जो सुशील बंसल कॉलेज में आयोजित होगा। अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर 29 नवंबर को दोपहर 12 बजे पॉश एक्ट (कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन संबंधी अधिनियम ) की कार्यशाला में भी शामिल होंगी। जिसमें संभाग स्तर के स्थानीय परिवाद समिति एवं आंतरिक परिवाद समिति के सदस्य गण उपस्थित रहेंगे।

## सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के तहत आज खेल परिसर ग्राउंड सरदारपुर में फुटबॉल का आयोजन किया गया.

**दिलीप पाटीदार**

नि प्र विकास कंडिया खेलकूद प्रतियोगिता फुटबॉल का आयोजन खेल परिसर सरदारपुर में किया गया. उक्त जानकारी देते हुए सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी अश्विनी दीक्षित ने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रताप ग्रेवाल सरदारपुर, विशेष अतिथि पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया सरदारपुर, सांसद प्रतिनिधि नवीन बनिया,वरिष्ठ भाजपा राजेंद्र गर्ग,धर्मेंद्र मंडलोई अध्यक्ष जन भागीदारी समिति राजेंद्र सूरी महाविद्यालय सरदारपुर,सोहन पटेल मंडल अध्यक्ष राजगढ़, ऊकार लाल जाट मंडल अध्यक्ष सरदारपुर, अंसार पठान, सुनील गौड़, विष्णु रघुवंशी विकासखंड शिक्षा अधिकारी सरदारपुर, प्रकाश पवार मंडल संयोजक, जब्बर सिंह पटेल प्राचार्य सांदीपनि उपस्थित रहे. सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने मां शारदे की चित्र पर पुष्प अर्पण-पूजन कर शुभारंभ किया

इस मौके पर अतिथियों का स्वागत विकासखंड शिक्षा अधिकारी विष्णु रघुवंशी, प्रकाश पवार मंडल संयोजक, अश्विनी दीक्षित विकासखंड योग प्रभारी सरदारपुर, जब्बर सिंह पटेल प्राचार्य, शैलेंद्र पाल कोच,नरेंद्र दांगी पीटीआई,



संदीप ठाकुर, पिंटू मंडलोई,संग्राम सिंह ,चंचल खराड़ी,सोनू पुरोहित आदि ने किया . इस पर अवसर पूर्व विधायक बेल सिंह भूरिया ने कहा कि राजनीति को अलग रखकर हम खेलकूद के लिए एक मंच से आपका साथ देने को तैयार हैं आप इसी प्रकार मेहनत करें और सरदारपुर का नाम गौरवान्वित करें नवीन बानिया सांसद प्रतिनिधि ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के बाद आपको जिला स्तरीय प्रतियोगिता और बाद में राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपने खेल कौशल दिखाएं वही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधानसभा क्षेत्र सरदारपुर के विधायक भाई प्रताप ग्रेवाल द्वारा खिलाड़ियों को संबोधन में कहा कि आप दिनों दिन प्रगति करें , हम आपको हर सुविधा मुहीया कराने को तत्पर रहेंगे, आप सरदारपुर का नाम इसी तरह आगे बढ़ाते रहें - हम सदैव आपके साथ हर सुविधा को उपलब्ध कराते रहेंगे और साथ में पढ़ाई भी करने को कहा. अतिथियों ने निर्मला कान्वेंट राजगढ़ एवं खेल परिसर सरदारपुर के खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया. निर्मला कान्वेंट राजगढ़ एवं सांदीपनि विद्यालय सरदारपुर (खेल परिसर )के विद्यार्थी एवं खिलाड़ी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे. कार्यक्रम का संचालन अश्विनी दीक्षित सांसद खेलकुद प्रतियोगिता सरदारपुर के नोडल अधिकारी ने किया एवं आभार प्रदर्शन विष्णु रघुवंशी विकासखंड शिक्षा अधिकारी सरदारपुर ने माना . वही शैलेंद्र पाल कोच ने भी अपनी बात अतिथियों के समक्ष रखी।



# अहमदाबाद बनेगा भारत की खेल राजधानी!

## सीडब्ल्यूजी 2030 के बाद 2028 और 2031 विश्व एथलेटिक्स की मेजबानी का प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों (2030) की मेजबानी हासिल कर चुके अहमदाबाद ने अब 2028 विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप और 2031 विश्व सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए भी दावेदारी पेश की है।

राष्ट्रमंडल खेलों (2030) की मेजबानी हासिल कर चुके अहमदाबाद ने अब 2028 विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप और 2031 विश्व सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए भी दावेदारी पेश की है। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि गुजरात का यह शहर 2036 ओलंपिक की मेजबानी की अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए लगातार बड़े वैश्विक टूर्नामेंट कराने की दिशा में काम कर रहा है।

'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' की जनरल असेंबली ने हाल ही में अहमदाबाद को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का आधिकारिक मेजबान घोषित किया है। इस घोषणा के बाद गुजरात सरकार ने शहर को खेलों का वैश्विक केंद्र बनाने की अपनी मंशा साफ कर दी है। गुजरात सरकार में प्रधान सचिव (खेल) अश्वनी कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम ऐसा ढांचा तैयार कर रहे हैं जिससे अहमदाबाद भारत की खेल राजधानी बन सके।

हमारा लक्ष्य विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएँ तैयार करना, उत्कृष्ट एथलीट तैयार करना और एशियाई, महाद्वीपीय तथा विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करना है।' उन्होंने आगे बताया, 'हम 2028 में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2031 में विश्व सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और 2033 में विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए प्रस्ताव भेज चुके हैं।



# उर्विल पटेल ने 31 गेंद में ठोका तूफानी शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गुजरात और सर्विसेज के बीच खेले गए मुकाबले में गुजरात के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने सिर्फ 31 गेंदों में तूफानी शतक जड़ा और अपनी टीम को एक शानदार जीत दिलाई. वहीं उर्विल को आईपीएल 2026 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स ने रिटेन कर लिया है.

जिन्हें फ्रेंचाइजी ने पिछले सीजन के लिए मेगा ऑक्शन में 30 लाख रुपये में खरीदा था. उर्विल का आईपीएल 2026 से पहले शानदार फॉर्म में आना सीएसके के लिए अच्छी खबर है, क्योंकि वे अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं.

### उर्विल पटेल ने ठोका तूफानी शतक

इस मुकाबले में सर्विसेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात को 183 रनों का टारगेट दिया. जवाब में, लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान उर्विल पटेल ने पहली ही गेंद से विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की और इन्हें रोकने में सर्विसेज के गेंदबाज नाकामयाब रहे. उर्विल ने 300 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 37 गेंदों में नाबाद 119 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली और उन्होंने इस पारी में 12 चौके और 10 छक्के भी लगाए.

### गुजरात ने महज 12.3 ओवर में किया चेज

कप्तान उर्विल की विस्फोटक पारी की बदौलत गुजरात ने महज 12.3 में 183 रनों के टारगेट को चेज कर दिया. लक्ष्य का पीछा करने कप्तान उर्विल पटेल के साथ आर्य देसाई ओपनिंग करने उतरे और दोनों ने पहले विकेट के लिए 174 रनों की साझेदारी की थी. जहां उर्विल ने भारतीय बल्लेबाज के द्वारा टी20 का तीसरा सबसे तेज शतक महज 31 गेंद में लगाया. वहीं आर्य ने 171.43 की स्ट्राइक रेट से 35 गेंदों में 60 रनों की शानदार पारी खेली. जिसमें 6 चौके और 3 छक्के शामिल थे.

### सीएसके के लिए आई अच्छी खबर

आईपीएल 2026 सीजन के पहले उर्विल ने इस पारी से ये बता दिया है कि चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए तहलका मचाने को तैयार बैठे हैं. आईपीएल 2025 सीजन के लिए हुए मिनी ऑक्शन में 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उर्विल पटेल को खरीदा था. वहीं आगामी आईपीएल सीजन के लिए उन्हें सीएसके ने रिटेन कर लिया है.

# 'गौतम मेरा रिश्तेदार नहीं है'





## भारत की सबसे बड़ी टेस्ट हार पर रविचंद्रन अश्विन का तंज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को घरेलू मैदान पर टेस्ट इतिहास की अपनी सबसे बड़ी हार (408 रन) झेलनी पड़ी। साउथ अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में भारत को हराने के साथ ही दो टेस्ट मैच की सीरीज भी 2-0 से अपने नाम की। इस करारी शिकस्त के बाद गौतम गंभीर की कोचिंग को लेकर चौतरफा सवाल खड़े हो गए। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में उन्हें हूटिंग तक झेलनी पड़ी। ऐसी हार उस टीम के लिए और भी शर्मनाक है, जिसका दशकों तक घरेलू हालात में दबदबा था। टीम इंडिया की घर में रनों के अंतर के लिहाज से सबसे बड़ी हार के बाद से खिलाड़ी और मैनेजमेंट दोनों ही निशाने पर हैं। हेड कोच गौतम गंभीर की भी आलोचना तेज हो गई है। इस बीच, रविचंद्रन अश्विन ने इस मुद्दे पर अपना नजरिया पेश किया। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर संयम और मिलकर जिम्मेदारी निभाने की अपील की। वरिष्ठ ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने साफ शब्दों में यह संदेश दिया कि हार की पूरी जिम्मेदारी सिर्फ कोच पर डालना गलत है, खिलाड़ियों को भी आत्ममंथन करना होगा। रविचंद्रन अश्विन ने 'आटा होगा तभी रोटी बनेगी' वाला उदाहरण देते हुए कहा, 'गौतम मेरा रिश्तेदार नहीं है।'

### कोच खेलने नहीं जा सकता: अश्विन

अश्विन ने कहा, 'हम जिम्मेदारी पूछना चाहते हैं। यह आसान है, क्योंकि इंडियन क्रिकेट में... आप जानते हैं और मैं भी जानता हूं... इसमें बहुत कुछ मिलता है और बहुत पैसा भी लगता है। बहुत से लोग यह काम करने के लिए तैयार हैं और हमेशा ऐसे लोग होंगे जो इसमें हाथ आजमाएंगे, लेकिन सच तो यह है कि कोच बल्ला उठाकर खेलने नहीं जा सकता। वह सिर्फ अपना काम कर सकता है, खिलाड़ियों से बात कर सकता है। बस इतना ही।' अश्विन का मानना है कि कोच और कप्तान के फैसले लेने की क्षमता में हमेशा सुधार होने की गुंजाइश रहती है, लेकिन उसे लागू करना खिलाड़ियों का काम है। अश्विन ने कहा, 'एक कोच क्या कर सकता है? खुद को कोच की जगह रखकर देखो। आप कह सकते हैं कि खिलाड़ी को निरंतरता चाहिए..., मैं इससे सहमत हूं कि अभी असुरक्षा है और बहुत रोटेशन हुआ है, लेकिन खेलना, परफॉर्म करना और स्किल दिखाना खिलाड़ी की जिम्मेदारी है। अश्विन ने जोर देते हुए कहा, 'बतौर खिलाड़ी आपको उस चीज को नियंत्रण करना चाहिए जो आपके कंट्रोल में है। फैसले लेने का काम कोच और कप्तान का होता है।

# अविका गौर बनीं 'शादीशुदा पागलू'

## सिंदूर-मंगलसूत्र में एक्ट्रेस ने शेयर किया 'नई दुल्हन' का लुक



**नवंबर** का महीना अपने साथ हवा में हल्की सी ठंड के साथ शादियों की रौनक लेकर आता है। इसका आम इंसान के साथ-साथ मनोरंजन जगत के लोग भी इंतजार करते हैं। इसी बीच अभिनेत्री अविका गौर ने एक पोस्ट शेयर की। बुधवार को अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वे इंडो-वेस्टर्न स्टाइल की ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। सबसे खास बात यह है कि उन्होंने इसे सुहागन वाला लुक दिया है। माथे पर लाल सिंदूर, गले में मंगलसूत्र और चेहरे पर हल्का-सा मेकअप, अविका बिल्कुल नई-नवेली दुल्हन लग रही हैं। वो सोफे पर आत्मविश्वास के साथ बैठकर पोज दे रही हैं। तस्वीर पोस्ट कर अविका ने मजेदार अंदाज में लिखा, 'शादी का मौसम आ गया है और एक नई-नवेली दुल्हन होने के नाते मुझे सिंदूर और मंगलसूत्र पहनकर सजने का मौका मिल रहा है। अब मैं आधिकारिक तौर पर 'शादीशुदा पागलू' बन गई हूं। क्या किसी और ने भी यह दौर देखा है? अभिनेत्री की ये पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रही है। वे उनकी तस्वीर पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं और कमेंट सेक्शन में तरह-तरह की प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आप इस लुक में प्यारी लग रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से 'पति-पत्नी और पंगा' शो के सेट पर शादी रचाई थी। 'बालिका वधू' में छोटी आनंदी का किरदार निभाकर घर-घर में पहचान बनाने वाली अविका शादीशुदा जिंदगी को खुलकर एंजॉय कर रही हैं। मिलिंद चंदवानी 'रोडीज' के एक्स-कंटेस्टेंट रह चुके हैं और एक सोशल एक्टिविस्ट भी हैं। दोनों की पहली मुलाकात 2020 में कॉमन फ्रेंड्स के जरिए हुई थी। अविका को तो पहली ही मुलाकात से कनेक्शन महसूस हो गया था, लेकिन मिलिंद ने थोड़ा वक्त लिया। धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई और कोरोना काल में दोनों ने अपने रिश्ते को एक पोस्ट के जरिए ऑफिशियल किया था।

# इस डर से नहीं ले पाई थीं एंट्री



**बिग बॉस 9 में नोरा फतेही को मेन कंटेस्टेंट के तौर पर मिला था ऑफर**

**एक्ट्रेस-डांसर** नोरा फतेही ने रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 9 में एक कंटेस्टेंट के तौर पर हिस्सा लिया था। यह शो अक्तूबर 2015 से जनवरी 2016 तक एयर हुआ था। उन्होंने शो के 58वें दिन वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री की थी। क्या आप जानते हैं कि उस समय उन्हें शुरू में मेन कंटेस्टेंट में से एक के तौर पर शामिल होने के लिए अप्रोच किया गया था? इस बारे में नोरा फतेही ने अपनी बात रखी है। गलतफहमी की वजह से हुआ बातचीत में नोरा फतेही ने बताया बिग बॉस ने शुरू में मुझे मेन कंटेस्टेंट में से एक बनने के लिए अप्रोच किया था। इस पर मैंने उन्हें मना कर दिया था। मुझे लग रहा था कि मैं इस तरह की चीजों के लिए तैयार नहीं हूं। यह गलतफहमी की वजह से हुआ। मुझे लगा कि लोग मुझे नहीं समझ पाएंगे। तब मैं छोटी थी और अपने आपको को समझने की कोशिश कर रही थी। मुझे लगा कि लोग अलग तरह से बर्ताव करेंगे इसलिए मैं मुसीबत में पड़ने के लिए तैयार नहीं थी।

### वाइल्ड कार्ड के जरिए हुई एंट्री

नोरा ने आगे बताया कि जब मेकर्स ने वाइल्ड कार्ड एंट्री के जरिए उन्हें अप्रोच करने की कोशिश की तो उन्होंने हां कह दी। उन्होंने कहा तो जब वे वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए वापस आए, तो मुझे लगा कि ठीक है, शायद कुछ हफ्ते लगेंगे। मैं ऐसा कर सकती थी। मैं चाहती थी कि मैं दुनिया को बता दूं कि मैं यहां हूं।

### झलक दिखला जा में जाना चाहती थीं नोरा

नोरा ने कहा बताया कि वह शो झलक दिखला जा में जाना चाहती थीं। उन्होंने सोचा कि वह अगर बिग बॉस में जाएंगी तो उन्हें झलक दिखला जा में जाने में मदद मिलेगी इसलिए वह बिग बॉस में गईं। बिग बॉस से बाहर आने के तुरंत बाद उन्हें झलक दिखला जा का कॉन्ट्रैक्ट मिल गया।

# शाहरुख की फिल्म 'किंग' में अक्षय ओबेरॉय की हुई एंट्री



**शाहरुख** खान की आगामी फिल्म किंग की एक-एक अपडेट का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। अब फिल्म को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जानकारी आ रही है कि इस फिल्म में एक और कलाकार का नाम जुड़ गया है। जानिए उस अभिनेता के बारे में। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है कि वह शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'किंग' का हिस्सा हैं। आपको बताते चलें कि कई दिनों से चर्चा चल रही थी, अभिनेता इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। हालांकि अब इसपर मुहर लगती दिख रही है।

फिल्म किंग को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म में दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और अभिषेक बच्चन जैसे बड़े नाम भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य में हो रहा फर्जीवाड़ा विधायक डॉ सतीश सिंह सिकरवार ने किया खुलासा

**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर :- देश - प्रदेश के साथ ग्वालियर जिले में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण के कार्य में जबरदस्त फर्जीवाड़ा चल रहा है। फर्जी सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतदाताओं के नाम विधानसभाओं तक बदले जा रहे हैं। बड़ा खुलासा जब हुआ तब 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार का मतदाता पत्रक का बी.एल.ओं द्वारा मैपिंग किया गया। तब पता चला कि विधायक डॉ. सतीश सिकरवार का मैपिंग पूर्व में ही बी.एल.ओ कुनाल पवार द्वारा 15 ग्वालियर विधानसभा में भाग संख्या 227 चार शहर का नाका ग्वालियर में मतदाता क्रमांक 460 (EPIC No. UYE4892253) पर दर्ज कर दिया गया है। मतदाता केन्द्र क्रमांक 272 के बी.एल.ओं द्वारा यह भी बताया गया कि आपके 2003 के रिकार्ड से मैपिंग कर दी गई है। मैपिंग से हुये खुलासे के बाद विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य से जुडे



अधिकारियों से बात की तो उन्होंने कहा कि आप जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर रूचिका सिंह से बात करिए। ऐसे में सवाल यह उठता है कि विधायक डॉ. सतीश सिकरवार 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के मतदाता है, तब उनका नाम 15 ग्वालियर विधानसभा में कैसे मैप कर दिया गया। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि जब मेरे साथ ऐसा हो रहा है कि मेरी मैपिंग 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा में न होकर 15 ग्वालियर विधानसभा में कर दी गई, तो आम लोगों के साथ क्या हो रहा होगा। उन्होंने कहा कि फार्मो का डिजिटिलाईजेंशन बी.एल.ओं मतदाताओं के सामने नहीं कर रहे है। तब कैसे सुनिश्चित होगा कि फार्मो का ईमानदारी से डिजिटिलाईजेंशन हो रहा हैं। विधायक सिकरवार ने कहा कि मैंने अपने फार्म का अपने ही सामने डिजिटिलाईजेंशन करवाया तब बी.एल.ओं के मोबाईल स्क्रीन पर नोटिफिकेशन आया और मुझे पता चला कि मेरा मैपिंग पहले ही हो चुका है। यह सब इस बात का प्रतीक है कि विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण के कार्य में फर्जीवाडा चल रहा है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि जबकि वर्तमान में मेरा वोट ग्वालियर पूर्व विधानसभा में भाग संख्या 272 में मतदाता क्रमांक 95 (EPIC No. IJG0538843) पर दर्ज है एवं वर्ष 2003 के अनुसार मेरा वोट 16 लश्कर पूर्व विधानसभा में भाग संख्या 102 मतदाता क्रमांक 187 (EPIC No. MP/03/016/261235) पर दर्ज है। विधायक सिकरवार ने कहा कि इस तरह का कार्य होनें से लाखों लोग मतदाता सूची में आने से वंचित हो जायेंगे। मेरी मांग है कि लापरवाह बी.एल.ओ के खिलाफ कार्यवाही करते हुये, मेरी मैपिंग मेरे मतदान केन्द्र के अनुसार करवाई जाये।

# ऐसा क्या आदेश दें कि तुरंत साफ हो जाए हवा

## जादू की छड़ी नहीं; दिल्ली प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट





**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में हर साल सर्दियों के आते ही हवा का हाल ऐसा हो जाता है मानो पूरा इलाका जहरीली धुंध के घेरे में कैद हो जाता हो। इस गंभीर समस्या पर अब सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कदम उठाने का संकेत दिया है। अदालत ने दिल्ली-एनसीआर में बिगड़ती हवा की गुणवत्ता से जुड़ी एक याचिका पर 3 दिसंबर को सुनवाई करने का फैसला किया है। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस संकट को लगातार निगरानी की जरूरत है।सीजेआई सूर्य कांत और जस्टिस ज्योमलया बागची की बेंच ने वायु प्रदूषण से जुड़े मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में सहायता दे रही वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह की दलीलों पर विचार किया। उन्होंने अदालत को बताया कि दिल्ली-एनसीआर में मौजूदा स्थिति बेहद चिंताजनक है और इसे हेल्थ इमरजेंसी के रूप में देखा जाना चाहिए। सीजेआई ने इस संकट की गंभीरता को स्वीकार करते हुए कहा, अदालत के पास कोई जादुई छड़ी तो नहीं है। हम सभी जानते हैं कि यह स्थिति दिल्ली-एनसीआर के लिए कितनी खतरनाक है। समस्या यह है कि इसके कारणों और समाधानों की पहचान करनी होगी। समाधान तो क्षेत्र के विशेषज्ञ ही बता सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि दीर्घकालिक उपाय ढूंढना आवश्यक है। सीजेआई कांत ने कहा, मुझे बताएं कि हम क्या निर्देश दे सकते हैं कि हम कुछ निर्देश दे सकें और तुरंत साफ हवा मिल सके। हम सभी जानते हैं कि समस्या क्या है। हमें सभी कारणों की पहचान करने की जरूरत है। कोई एक कारण नहीं है। ऐसा सोचना एक बड़ी गलती हो सकती है। केवल डोमेन एक्सपर्ट और साइंटिस्ट ही इस पर गौर कर सकते हैं। फिर हमें देखना होगा कि हर क्षेत्र में क्या समाधान हो सकते हैं। आइए देखें कि सरकार ने कमेटी के तौर पर क्या बनाया है।

### तात्कालिक निर्देशों से आगे बढ़ने की जरूरत

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल कुछ अस्थायी निर्देश जारी करने से हवा तुरंत शुद्ध नहीं हो जाएगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग-अलग समाधानों पर विचार करना होगा और इसके लिए सरकार द्वारा गठित समितियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि इस मामले को केवल दिवाली के मौसम तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे नियमित रूप से निगरानी में रखा जाए।

इससे पहले 19 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को निर्देश दिया था कि वह दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में नवंबर-दिसंबर के दौरान निर्धारित खुले खेल आयोजनों को अधिक सुरक्षित महीनों में स्थगित करने पर विचार करे। अदालत ने ग्रैप के तहत साल भर सख्त पाबंदियां लगाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट का मानना है कि आपातकालीन उपायों के बजाय लंबे समय तक चलने वाले और टिकाऊ समाधानों पर ध्यान देना जरूरी है। इस प्रकार, सुप्रीम कोर्ट ने जहरीली हवा के इस जटिल संकट को केवल मौसमी समस्या के रूप में न देखते हुए निरंतर निगरानी और एक्सपर्ट के सहयोग से स्थायी समाधानों की दिशा में कदम बढ़ाने पर बल दिया है। 3 दिसंबर को होने वाली सुनवाई में इस दिशा में आगे की रणनीति पर विचार होने की उम्मीद है।

# पेपर स्प्रे फेंकने वालों को थाने में पीट रही है दिल्ली पुलिस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामले में गिरफ्तार किए गए छह आरोपियों को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अरिदमन सिंह चीमा की कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली पुलिस की अर्जी पर यह आदेश दिया। पुलिस ने सात दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन अदालत ने केवल तीन दिनों की अनुमति दी। आरोपियों की जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई होगी। कर्तव्य पथ से गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को दो दिन की न्यायिक हिरासत के बाद कोर्ट में पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त दीपक पुरोहित और डीसीपी देवेश महला महला अदालत में मौजूद रहे। दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया कि नौ नवंबर को आरोपियों ने इंडिया गेट के पास सड़क जाम की और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान कम से कम 10 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस ने यह भी दावा किया कि तीन आरोपियों अक्षय, आकाश और एक अन्य से तीन कैन पेपर स्प्रे बरामद किए गए हैं। साथ ही, आरोप है कि ये लोग प्रतिबंधित माओवादी संगठन से जुड़े माओवादी नेता माडवी हिडमा के समर्थन में नारे लगा रहे थे और लाल सलाम के नारे भी लगाए गए। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन फॉरेंसिक जांच के लिए एफएसएल भेजने की बात कही है। आरोपियों की ओर से पेश वकीलों ने पुलिस पर हिरासत में प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया। दो आरोपियों के वकील ने कहा कि उन्हें हिरासत में पीटा गया और उनके शरीर पर चोटों के निशान हैं। वकीलों ने इलाके की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने की मांग भी की।

# इस्राइल ने लौटाए 15 और फलस्तीनियों के शव

## सीजफायर के दूसरे चरण पर चर्चा के लिए मिले तीन देशों के अधिकारी



**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल ने पंद्रह और फलस्तीनियों के शव सौंप दिए हैं। संघर्षविराम समझौते का पहला चरण खत्म होने के करीब है और अधिकारी दूसरे चरण पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए हैं। गाजा में अस्पताल के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम उस समय हुआ है, जब फलस्तीनी लड़ाकों ने इस्राइली बंधक ड्रोर ओर के अवशेष लौटाए हैं। इस्राइली सेना का कहना है कि हमास के सात अक्तूबर 2023 के हमले में उनकी मौत हो गई थी। समझौते के तहत इस्राइल हर एक बंधक के बदले 15 फलस्तीनी शव लौटाने के लिए तैयार हुआ है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, ताजा आदान-प्रदान के बाद इस्राइल अब तक कुल 345 फलस्तीनी शव गाजा वापस भेज चुका है। ये आदान-प्रदान पिछले महीने शुरू हुए थे। गाजा में अभी भी दो लोग हमास की कैद में हैं। इनमें एक इस्राइली और एक थाई नागरिक है। तुर्किये, कतर और मिस्र के अधिकारियों ने बुधवार को काहिरा में मुलाकात की, ताकि संघर्षविराम के दूसरे चरण पर बात की जा सके। दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे पर संघर्षविराम के उल्लंघन के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसके बावजूद यह संघर्षविराम अब तक बना हुआ है। समझौते के अगले चरणों में एक अंतरराष्ट्रीय बल को तैनात करना और गाजा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक ढांचा बनाना शामिल है, जो पुनर्निर्माण कार्य की निगरानी भी करेगा। सशस्त्र अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल का काम सुरक्षा बनाए रखना और हमास का निरस्त्रीकरण सुनिश्चित करना होगा। यह इस्राइल की मुख्य मांग है। इंडोनेशियाई अधिकारियों ने कहा है कि वे इस बल के लिए 20 हजार शांति सैनिक भेजने की योजना बना रहे हैं। इस योजना के लगभग हर हिस्से और इसे लागू करने के समय को लेकर सवाल बने हुए हैं। इस बीच, लगभग सभी फलस्तीनी अपने घरों से विस्थापित हैं और मानवीय मदद पर निर्भर हैं। हमास अभी भी गाजा के लगभग आधे हिस्से पर बड़ा नियंत्रण रखता है और गाजा के पुनर्निर्माण की शुरुआत भी मुश्किल से हुई है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस्राइल की ओर से लौटाए गए 345 शवों में से केवल 99 की पहचान हो सकी है। उनका कहना है कि गाजा में डीएनए परीक्षण किट की कमी के कारण पहचान की प्रक्रिया बेहद मुश्किल है।

# ट्रंप का ताइवान मुद्दे पर जापान को कड़ा संदेश, 'मत लो चीन से पंगा...स्थिति और न बिगाड़ो'!



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान की पीएम साने ताकाइची को चीन के साथ बढ़ते तनाव पर बड़ा संदेश दिया है। ट्रंप ने फोन पर ताकाइची से कहा कि ताइवान को लेकर टकराव बढ़ाने से बचें, क्योंकि यह एशिया में नई अस्थिरता को जन्म दे सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची से फोन पर बातचीत की, जिसमें उन्होंने ताइवान को लेकर चीन के साथ बढ़ते तनाव को संभलकर हैंडल करने की सलाह दी। द वॉल स्ट्रीट जर्नल और क्योदो न्यूज के अनुसार, ट्रंप ने ताकाइची से कहा कि उनके बयान से पहले ही टोक्यो-बीजिंग रिश्तों में तनाव बढ़ चुका है, इसलिए उन्हें अधिक उग्र बयानबाजी से बचना चाहिए। यह चर्चा उस समय हुई जब ताकाइची ने जापानी संसद में कहा था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो यह जापान के लिए अस्तित्व संकट बन सकता है। चीन ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी।सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने ताकाइची पर दबाव नहीं डाला, लेकिन सुझाव दिया कि वे अपने बयान का टोन थोड़ा हल्का करें, क्योंकि वे घरेलू राजनीति को देखते हुए इसे पूरी तरह वापस नहीं ले सकतीं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जापानी अधिकारियों ने ट्रंप की सलाह को इस संकेत के रूप में देखा कि वे नहीं चाहते कि ताइवान मुद्दा उनकी हालिया चीन के साथ नरमी को खराब करे-विशेष रूप से उस समय जब चीन ने अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाने का वादा किया है। ट्रंप ने मीडिया से कहा कि उनकी ताकाइची से बहुत अच्छी बातचीत हुई है और वे मानते हैं कि जापान और चीन दोनों ठीक हैं। उनकी यह कॉल ताइवान पर बयान के तुरंत बाद आई थी, और उससे कुछ ही पहले वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी बात कर चुके थे।